दिन में दो बार करें ब्रश हमेशा स्वस्थ रहेंगे दांत

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को शास्त्रीनगर स्थित जे-ब्लॉक पार्क में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। स्वास्थ्य शिविर में कुल 128 मरीज पहुंचे, जिसमें से 92 लोगों के दांतों की जांच और इलाज किया गया। 49 मरीजों को फिजियोथैरेपी संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर में 46 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। 12 लोगों के दांतों में चिकित्सकों ने मसाला भरा। छह लोगों का दांत खराब होने पर निकाला गया। इस दौरान 12 बच्चों के दांतों पर फ्लूराइड लगाया गया। डा. रितु गुप्ता के नेतृत्व में शिविर संचालित किया गया। नियमित दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह चिकित्सकों ने दी।

दांतों में ठंडा, गर्म रहने पर दर्द और झनझनाहट रहती थी। इसके उपचार संबंधी परामर्श चिकित्सकों ने दिया। - **ममता**

दांतों की सफाई के बाद चिकित्सकों से देखभाल को लेकर जानकारी दी। बच्चों को भी शिविर में चिकित्सकों को दिखाया। - **गीता**

शरीर में दर्द रहता था। चिकित्सकों ने उपचार किया और स्वस्थ्य रहने के टिप्स दिए। नियमित टहलने की सलाह दी। - **ननका**

AMAR UJALA

Page No. 04 (my city) Date 15th Dec 2019

अपराजिता के तहत आज लगेगा चिकित्सा शिविर

अपराजिता
100 MILLION SMILES

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार यानि आज चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से शास्त्रीनगर स्थित जे-ब्लॉक में शिविर आयोजित होगा। इसकी शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे से की जाएगी और समापन दोपहर ढाई बजे किया जाएगा। दंत रोग से संबंधित समस्या होने पर लोग शिविर में आकर चिकित्सकों से परामर्श ले सकते हैं। दंत रोग विशेषज्ञ और फिजियोथेरिपी विशेषज्ञ लोगों की जांच और उपचार के लिए शिविर में मौजूद रहेंगे। लोग अपने परिवार के साथ आकर यहां निशुल्क जांच करा सकते हैं। अगर किसी को शुगर या ऐसी कोई समस्या हे तो वह यहां से अपने खान-पान के बारे में जानकारी और डॉक्टरी सलाह ले सकते हैं। लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ उठाएं।